दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 48
मुरादाबाद
08 June 2025
(Sunday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

प्राकृतिक आपदाएं जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा रहीं, वैश्विक सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीं ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ईद-उल-अजहा के अवसर पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ईद उल-अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं। यह अवसर सद्भाव को प्रेरित करे और हमारे समाज में शांति के ताने-बाने को मजबूत करे। सभी के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि %तटीय इलाके और द्वीप प्राकृतिक आपदा के लिए बेहद संवेदनशील हैं। दुनियाभर में हाल के दिनों में टाइफून और चक्रवाती तूफान आए हैं। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आपदा

रोधी अवसंरचना 2025 (International Conference on Disaster Resilient Infrastructure 2025) को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सम्मेलन पहली बार यूरोप में हो रहा है। मैं फ्रांस के राष्ट्रपति और फ्रांस की सरकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। साथ ही मैं आगामी संयुक्त राष्ट्र समुद्री सम्मेलन के लिए भी अपनी शुभकामनाएं देता हूं। छोटे समुद्री देशों पर ध्यान देने की जरूरत प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि अफ्रीकी संघ भी आपदा रोधी अवसंरचना सम्मेलन में शामिल हुआ है। हमें ऐसे कार्यक्रम डिजाइन करने चाहिए, जिन पर कार्रवाई हो सके और यह विकासशील देशों को वित्तीय मदद मिलना सुनिश्चित हो सके। छोटे समुद्री देशों पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। चेतावनी सिस्टम को मजबूत करने और समन्वय स्थापित करना अहम है। इससे समय पर फैसले लेने में मदद मिलेगी। मुझे उम्मीद है कि सम्मेलन में इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी। पीएम मोदी ने कहा कि तटीय इलाके और द्वीप प्राकृतिक आपदा के लिए बेहद संवेदनशील हैं। दुनियाभर में हाल के दिनों में टाइफून और चक्रवाती तूफान आए हैं। इनमें भारत और बांग्लादेश के चक्रवाती तूफान, कैरेबियाई देशों में तूफान, दक्षिण पूर्व एशिया में आया टाइफून यागी, अमेरिका में आया तूफान हेलेन और फिलीपिंस और पेराग्वे के चक्रवाती तूफान शामिल हैं। ऐसी आपदाएं जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। बढ़ता तापमान वैश्विक खतरा प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने जिनेवा में बढ़ते तापमान के खतरों पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बढ़ता तापमान एक वैश्विक संकट बन गया है और इससे निपटने के लिए तुरंत कदम उठाने जरूरी हैं। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में पीके मिश्रा ने कहा कि लगातार बढ़ रहा तापमान सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है। इससे आर्थिक स्थिरता, पर्यावरण रोधी व्यवस्था पर संकट बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के ह्यष्ठक्रक द्वारा शुरू की गई पहल कॉमन फ्रेमवर्क फॉर एक्सट्रीम हीट रिस्क गवर्नेंस को बेहतर बनाने और इस पर दिशा-निर्देश, सहयोग और एक दूसरे से सीख लेने की पहल का स्वागत किया।

लखनऊ में अदा की गई बकरीद की नमाज, ईदगाह पहुंचे भाजपा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, बोले- एकता में ही सबका भला

ईद उज अजहा का त्यौहार है। तमाम ईदगाह और मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा कर रहे हैं। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह चाक चौबंद नजर आ रहा है। ईद उल अजहा का त्यौहार है। तमाम ईदगाह और मस्जिदों में अकीदत की नमाज अदा की जा रही है। कुर्बानी के जज्बे के साथ मुसलमान अल्लाह की बारगह में सजदा कर हजरत इब्राहिम अलै. की उस अजीम कुर्बानी को याद कर रहे हैं, जो उन्होंने अपने रब के हुक्म से पेश की थी। इस दौरान सुरक्षा के लिए चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। लखनऊ में टीले वाली मस्जिद और ऐशबाग ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा की गई।ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज पढ़ाई। शिया समुदाय की सबसे बड़ी जमात आसिफी मस्जिद में अदा की गई। यहां पर मौलाना सरताज हैदर की इमामत में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करवाई। टीले वाली मस्जिद में सुबह 9 बजे मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी नमाज अदा करवाई। हालांकि, यूपी के अलग-अलग जिलों में नमाज पढ़ने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। इस मौके पर ऐशबाग ईदगाह पहुंचे यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री व वर्तमान राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि ऐशबाग में ही विशाल रामलीला का प्रांगण है और ईदगाह भी है। यहां से देश की एकता का संदेश जाता है। ईद का पर्व होता है तो हिंदू लोग मिलकर मनाते हैं। वहीं, रामलीला होती है तो मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल होते हैं। यही हमारे देश की आवश्कता है। इसी में सबका भला है। वहीं, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि ईद-उल-अजहा खुदा के दो पैगंबर हजरत इब्राहिम अलै. और उनके बेटे हजरत इस्माईल अलै. की यादगार है। मस्जिद सुव्हानिया के इमाम कारी मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि कुर्बानी करने का बहुत बड़ा सवाब है। वहीं, कुर्बान न करने पर नाराजगी का इजहार भी है। हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया है कि हैसियत रखने के बावजूद कुर्बान न करने वाले मेरी ईदगाह में न आएं। नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए शहर को पांच जोन व 18 सेक्टर में बांटा गया बकरीद की नमाज के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। 94 ईदगाह और 1200 से ज्यादा मस्जिदों में नमाज के दौरान ड्रोन से निगरानी की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने इस संबंध में मातहतों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। पुराने लखनऊ में शुक्रवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ रूट मार्च किया। मध्य जोन में भी पुलिस रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए शहर को पांच जोन व 18 सेक्टर में बांटा गया है।

संक्षिप्त समाचार

सीएम भूपेंद्र पटेल ने राजकोट को दी 557 करोड़ की सौगात; विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को राजकोट में 343.39 करोड़ रुपये की लागत के 13 विकास कार्यों का लोकार्पण और 213.79 करोड़ रुपये की लागत के 28 विकास कार्यों का शिलान्यास कर शहर और जिले को 557.18 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की भेंट दी।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने स्वामी ऑडिटोरियम में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी विकास वर्ष के अंतर्गत राजकोट शहर और जिले में बहुत अच्छे विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज जिन विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा, उनसे राजकोट शहर और जिले के नागरिकों की ईज ऑफ लिविंग बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने पिछले दो दशकों की राजकोट की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 20 वर्षों में अटल सरोवर, एम्स, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, विभिन्न फ्लाईओवर सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं के माध्यम से राजकोट की भी कायापलट हुई है और शहर के निवासियों की खुशहाली बढ़ी है। विकास कार्य, राज्य सरकार की शहरजनों की सुगमता और खुशहाली बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।मुख्यमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज के 352वें राज्याभिषेक दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज ने सुशासन की स्थापना की थी।

आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टोलेरेंस नीति, हमारे सहयोगी इसे समझें, विदेश मंत्री जयशंकर का बयान

जयशंकर ने हाल ही में अंतिम रूप दिए गए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को %असल मायनों में एक मील का पत्थर% बताया।

भारत ने बैठक के दौरान भी पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया।भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मुलाकात की। डेविड लैमी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत दौरे पर आए हैं। बैठक के दौरान डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति है और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे सहयोगी इस बात को समझें। भारतीय विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ समर्थन के लिए भी ब्रिटिश सराकर को धन्यवाद दिया।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी दो दिवसीय भारत दौरे पर शनिवार सुबह नई दिल्ली पहुंचे। लैमी के दौरे में दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की जाएगी। एस. जयशंकर ने कहा कि, %हम आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं और उम्मीद करते हैं कि हमारे सहयोगी देश इसे समझेंगे। हम कभी भी बुराई करने वालों को उनके पीड़ितों के बराबर नहीं रखेंगे। जयशंकर ने हाल ही में अंतिम रूप दिए गए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को %असल मायनों में एक मील का पत्थर% बताया। भारत ने बैठक के दौरान भी पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया।ब्रिटेन ने किया था संघर्ष विराम समझौते का समर्थन ब्रिटेन उन देशों में शामिल था, जो पिछले महीने अपने सैन्य संघर्ष के दौरान अपने तनाव को कम करने के प्रयास में भारत और पाकिस्तान दोनों के संपर्क में थे। लैमी ने 16 मई से इस्लामाबाद की दो दिवसीय यात्रा की, जिसके दौरान उन्होंने सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया। भारत दौरे से पहले डेविड लैमी ने पाकिस्तान का भी दो दिवसीय दौरा किया और उन्होंने भारत पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम को जारी रखने की अपील की।

इंदौर दंपती केसः CM मोहन यादव ने गृहमंत्री से CBI जांच की मांग की, बोले- पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है प्रदेश

ईद उज अजहा का त्यौहार है। तमाम ईदगाह और मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा कर रहे हैं। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह चाक चौबंद नजर आ रहा है। ईद उल अजहा का त्यौहार है। तमाम ईदगाह और मस्जिदों में अकीदत की नमाज अदा की जा रही है। कुर्बानी के जज्बे के साथ मुसलमान अल्लाह की बारगह में सजदा कर हजरत इब्राहिम अलै. की उस अजीम कुर्बानी को याद कर रहे हैं, जो उन्होंने अपने रब के हुक्म से पेश की थी। इस दौरान सुरक्षा के लिए चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। लखनऊ में टीले वाली मस्जिद और ऐशबाग ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा की गई।ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज पढ़ाई। शिया समुदाय की सबसे बड़ी जमात आसिफी मस्जिद में अदा की गई। यहां पर मौलाना सरताज हैदर की इमामत में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करवाई। टीले वाली मस्जिद में सुबह 9 बजे मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी नमाज अदा करवाई। हालांकि, यूपी के अलग-अलग जिलों में नमाज पढ़ने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। इस मौके पर ऐशबाग ईदगाह पहुंचे यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री व वर्तमान राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि ऐशबाग में ही विशाल रामलीला का प्रांगण है और ईदगाह भी है। यहां से देश की एकता का संदेश जाता है। ईद का पर्व होता है तो हिंदू लोग मिलकर मनाते हैं। वहीं, रामलीला होती है तो मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल होते हैं। यही हमारे देश की आवश्कता है। इसी में सबका भला है। वहीं, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि ईद-उल-अजहा खुदा के दो पैगंबर हजरत इब्राहिम अलै. और उनके बेटे हजरत इस्माईल अलै. की यादगार है। मस्जिद सुव्हानिया के इमाम कारी मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि कुर्बानी करने का बहुत बड़ा सवाब है। वहीं, कुर्बान न करने पर नाराजगी का इजहार भी है। हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया है कि हैसियत रखने के बावजूद कुर्बान न करने वाले मेरी ईदगाह में न आएं। नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए शहर को पांच जोन व 18 सेक्टर में बांटा गया बकरीद की नमाज के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। 94 ईदगाह और 1200 से ज्यादा मस्जिदों में नमाज के दौरान ड्रोन से निगरानी की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने इस संबंध में मातहतों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। पुराने लखनऊ में शुक्रवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के साथ रूट मार्च किया। मध्य जोन में भी पुलिस रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए शहर को पांच जोन व 18 सेक्टर में बांटा गया है।

महाराष्ट्र चुनाव पर राहुल गांधी ने फिर उठाए सवाल; कहा- भाजपा ने मैच फिक्सिंग की तरह धांधली की

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर राहुल गांधी लगातार भाजपा को घेर रहे हैं। अब उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव में बड़ी धांधली की। यह धांधली अगली बार बिहार में होगी और फिर वहां जहां भाजपा हार रही होगी।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है कि चुनाव में उसने मैच फिक्सिंग की तरह से धांधली की। एक अखबार में प्रकाशित लेख साझा करते हुए राहुल गांधी ने चुनाव को प्रभावित करने के पांच चरणों का जिक्र किया है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि चुनाव कैसे चुराया जाए? 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट था। मेरा लेख दिखाता है कि यह कैसे हुआ? अपने लेख के साथ पांच चरणों को उन्होंने साझा किया। राहुल गांधी ने लिखा कि पहला चरण - चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए पैनल में धांधली करना, दूसरा चरण- फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ना, तीसरा चरण- मतदान प्रतिशत को बढ़ाना, चौथा चरण - फर्जी मतदान को ठीक वहीं लक्षित करें जहां भाजपा को जीतना है और पांचवां चरण सबूत छिपाना।राहुल गांधी ने कहा कि यह देखना मुश्किल नहीं हैं इतनी हताश क्यों थी?

संपादकीय Editorial

Guarantee of slip fee

Himachal Pradesh has received praise from Himcare, and to increase its longevity, the budgetary cells of the government need new energy. However, Rs 43.19 crore has been released from the amount of pending Himcare payments of three big hospitals. This means that the slips on which Himcare's text was written will get some relief from this payment. Himcare could have become a good story of a good scheme, provided there was an honest eye on the implementation method. The expenditure of any government money should be within the limits of the respect of the budget, but in the use of 'Himcare', neither the definition nor its utility was properly managed, as a result, the medical arms have to bear a mountain of payment. However, even a small gift of Himcare's payment will support the financial documents of TMC and IGMC, but now the challenge is to make the entire medical system self-reliant and to polish its ability. In such a situation, if the fee for making a slip in a government hospital is being fixed at Rs 10, then it is a right step. Now there can be a debate on whether the slip fee should be ten or twenty to fifty rupees. People are now looking at treatment in terms of quality. If even on a prescription of ten rupees, the patient has to be referred to the next hospital, then what is the point of all this. It is surprising when regional or zonal hospitals send their patients to nearby medical colleges instead of providing them basic treatment. In such a situation, there should be a guarantee letter for medical services as per the ranking of the hospitals. If a prescription of a dispensary is ten rupees, of a civil hospital twenty, of a regional thirty rupees, of a zonal fifty rupees, then that of a medical college should be made hundred rupees, but there should also be a guarantee for the prescription fee. The standards of hospitals at every level should be ensured for identification and treatment of the disease. If at the time of labor pain, the Zonal Hospital sends the patient to Tanda when the bed of Dharamshala is vacant, then this will not be a prescription but a fraud. If in district level hospitals, patients have to pay ten to fifty rupees for a prescription as a certificate of complete treatment, then the people of Himachal will put their faith in government institutions, otherwise what is the use of medical colleges. If the referral comments on the slips of Himachal Medical Colleges every day will save lives, then what difference does it make? People are ready to pay slip fees, increased cost of tests and charges for other facilities in support of the government, provided medical facilities become a guarantee of life safety. Today, there are dozens of such hospitals working under the private sector in Himachal, where people are coming even after spending more with the belief that at least every possible effort will be made to save lives there. On the other hand, when hands are folded in government institutions to save lives, the advice is to go to some outside hospital for better treatment. In such a situation, Himachal will have to put its hospitals in different categories and determine slip fees and other charges. As an experiment, separate superspeciality wings should be opened in some of its major hospitals by entering into a contract with a big medical chain. In this way, health care units like Apollo, Fortis, Max, Aster, Manipal, Paras and Medanta can be established in the big cities of entire Himachal.

India should be cautious about Trump's tariff policy, deep deliberation will have to be done before moving forward on the agreement

The truth is that Trump's tariff policy will harm America and prepare the basis for giving an edge to its main rival China. In the pursuit of giving relief to his citizens from income tax, Trump is taking the risk of making them addicted to cheap Chinese goods. His tariff policy is no less than a strong message for America's trade partners. America is counted among those countries which operate from a well-organized structure. President Donald Trump is creating a stir in this structure with his unexpected policies. A big stir has been created due to his tariff policy and its effect is all over the world. He is dreaming of tightening the noose on other countries and filling the American treasury with his tariff policy. He announced the tariff with great fanfare and called it 'Liberation Day' in American history. However, his dream seems to be shattering through the American system itself. His tariff policy is being challenged on all fronts, legal, economic and diplomatic. The tariff policy advocated by the Trump administration citing national emergency was termed by the US Federal Court as a violation of the President's authority. The court said that without the supervision of Congress, the executive cannot get the right to use the International Emergency Economic Powers Act to take arbitrary decisions regarding tariff. Although the court has temporarily stayed Trump's policy and further hearing will continue in this matter, but its effects on the global trade system are beginning to be seen. This matter related to the legal front is a half-baked story of the tariff policy. Trump's view on trade is full of inconsistencies. He is looking at tariff as an inexhaustible fund due to which people can be freed from income tax and the American economy can be transformed. His illusion is breaking on the ground of reality. Trump's concept of filling the government treasury through tariff is being shattered not only by the courts but also on the basis of general economic principles. In fact, Trump has started following his first term's path as soon as he returned to power. Using tariff as a weapon, using emergency powers and bypassing the parliament are at the core of his working style. As soon as he took over as the President, his administration imposed arbitrary tariffs and said that its purpose was to protect domestic industries and improve the health of the government treasury, but the court created an obstacle in his path. The court said that emergency powers cannot be used as a shield for arbitrary economic decisions. The court has worked to balance the imbalance created between the legislature and the executive due to Trump's tariff policy, but this is not just a domestic legal issue of America. Due to this, uncertainty has increased for all those countries from Britain to India, which are engaged in trade agreement talks with America. If the tariff policy is made as per President Trump's wish and the court rejects it, then how can stable and long-term trade agreements be reached? By the way, this legal setback for Trump is looking equally strong on the economic front as well. Trump is reiterating that Americans earning less than two lakh dollars will not have to pay income tax. For this, he is eyeing the earnings of foreigners. In 2024, the US government earned revenue of 4.9 trillion dollars. Out of this, only 100 billion dollars was received from import duty. If we assume an increase of 47 billion dollars in this collection by May this year, then this too will be marginal. Trump's advisor Peter Navarro suggests that imposing a 20 percent tariff on all imports can generate revenue of 600 billion dollars annually. This estimate also does not stand up to basic mathematics. After all, a base is also needed to sustain a high tariff. When tariffs increase, the demand for imports normally decreases and in response to this, there is a possibility of more loss than the benefit. The Penn Wharton Budget Model has given a very practical figure of 290 billion dollars annually regarding this loss. The Tax Foundation has estimated about 140 billion dollars. All these estimates fall far short of Trump's dream of income tax relief, which will cost $740 billion to fulfill in 2025 alone. The truth is that Trump's tariff policy will harm America and lay the ground for its main rival China to gain an edge. In the name of giving income tax relief to his citizens, Trump is taking the risk of making them addicted to cheap Chinese goods. His tariff policy is no less than a strong message for America's trade partners. The deal with Britain regarding steel and aluminum almost fell apart. Japan, Canada and the European Union are also trying to assess how much strength Trump's tactics regarding tariffs have. This is a delicate time for India as well. New Delhi is moving cautiously with Washington regarding economic and technical relations. It is the need of the hour that if any agreement is being made with America keeping Trump's tariff policy in mind, then it should be thought over deeply, because such an agreement can be risky. India will have to guarantee not only economic concessions but also legal certainty. Keep in mind that strategic patience is not an advantage Yes, but it is an important aspect. It seems that the countries engaged in trade talks with the US will get some relief due to judicial intervention. It is clear from the court's stance that the US trade policy is not outside the scope of judicial monitoring. Economic data also confirms that it is not possible to run a modern welfare state on the basis of tariffs.

Educational institutions struggling with shortage of teachers, shortage of teachers should be removed soon

India's share in the global population is 17 percent. Despite this, India's share in foreign students coming for higher education is just one percent. To strengthen the education budget, the Government of India implemented a two percent education cess in 2004. From 2019, this education cess was replaced by four percent education and health cess. When we talk about becoming a world leader, we also discuss the role of educational institutions, but at present our ten central universities are waiting for regular vice-chancellors. In this, the post of vice-chancellor is vacant in BHU for six months and in IGNOU for one year. Last month, after almost a year, the Ministry of Education appointed vice-chancellors in four central universities - BBAU Lucknow, EFLU Hyderabad, Pondicherry and Wardha Hindi University. The vice-chancellor was appointed in Vishwabharati University after two years. About 30 percent of the posts of vice-chancellors are vacant in state universities. Delay in appointments disrupts both academic and administrative work. Leaving important posts vacant indefinitely is detrimental to the development of these institutions. Lack of teachers has also become a major problem for universities already struggling with lack of facilities like libraries and laboratories. In the last session of Parliament, Minister of State for Education Sukanta Majumdar had said that as of January 31, 2025, more than 5,410 teaching posts are vacant in universities. A recent report of NITI Aayog shows that more than 40 percent of teaching posts are vacant in state universities. New knowledge centers are opening across the country, but there is a shortage of teachers in them.

Due to shortage of teachers, academic sessions are not being completed on time. In the case of filling vacant posts of teachers, it cannot be said that there are no qualified teachers. The number of ad-hoc appointed teachers is continuously increasing from primary level to university. The ill effects of ad-hoc appointments are not only immediate. The appointment of a teacher affects generations. To what extent is it right to leave knowledge centers in the hands of such ad-hoc teachers who are more concerned about their tomorrow? In most places, they are given limited or negligible facilities compared to permanent teachers. As of May 2024, India's gross enrollment ratio in higher education was 28.4 percent, with more than 43 million students enrolled in about 1,200 institutions. This figure is well below the current global average of 36.7 percent.

None of India's educational institutions are even among the top 200 institutions in the world. A large number of students are leaving the country in search of better opportunities abroad. According to the Ministry of Education, about nine lakh students went abroad for higher education last year. These students spent Rs 5.1 lakh crore on pursuing education abroad. This money is 10 times more than the annual budget (Rs 44,090 crore) allocated by the Central Government for higher education in the financial year 2023-24. India's share in the global population is 17 percent. Despite this, India's share in foreign students coming for higher education is just one percent. To strengthen the education budget, the Government of India introduced a two percent education cess in 2004. From 2019, this education cess was replaced by a four percent education and health cess. This cess is not a permanent source of revenue for the government, yet it has funded 70 percent of total education expenditure since 2015. This means that cess has become a regular way of funding education. Our state universities are plagued by ever-decreasing funding, resulting in a decline in infrastructure and academic standards. Their funding model is highly dependent on student fees.

Due to this, quality education is constantly being denied to many students. The problems of the education sector must be addressed on a priority basis, as education is the cornerstone of the country's economic development. For this, emphasis has to be laid on entrepreneurship education and students have to be made so competent that when they leave schools/colleges, they can take the country forward. The recommendations made by Prof. Yashpal Committee in 2009 are also relevant, in which he recommended allocating more funds for higher education and strict regulation and monitoring of private bodies. Next month, the new National Education Policy will complete five years of implementation. It is difficult to implement the recommendations of the National Education Policy across the country without additional fund allocation. Ambitious programs like Digital India, Make in India and Skill India will be successful only when the money from various 'Rewadi Schemes' is invested in the field of education and research. For a developed India, it is necessary to have a strong foundation for the quality of education. Along with adapting Indian education to the contemporary world, the shortage of teachers in educational institutions should be removed soon.

दो बच्चों की मां की जिद्द: प्रेमी से शादी कराओ नहीं तो इसको भेजो जेल, पुलिस भी दिखी बेबस; कर दी इच्छा पूरी

प्रेमी ने कहा कि मैं महिला को अपने साथ नहीं रखूंगा। मुझे जेल भेज दो। जब बात नहीं बनी तो पुलिस ने महिला के शिकायती पत्र पर प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। मुरादाबाद स्थित पाकबड़ा नगर के मुहल्ले की रहने वाली दो बच्चों की मां प्रेमी के साथ रहने पर अड़ गई। महिला ने पुलिस को देकर गम्भीर आरोप लगाए तो पुलिस ने मामले की कार्यवाही करते हुए प्रेमी को थाने पर ले आई थी।

मामले में जब पंचायत में कोई हल नहीं निकाल तो पुलिस ने प्रेमी को शन्ति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। बातचीत ने ले लिया प्रेम का रूप- नगर के एक मुहल्ले की रहने वाली शादीशुदा महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। महिला के दो बच्चे हैं। महिला की पड़ोस में रहने वाले युवक से बातचीत होती थी। उसके बाद बातचीत ने प्रेम का रूप ले लिया। दोनों के बीच काफी समय तक संबंध रहे। पति की मौत के बाद महिला अकेली पड़ गई। उसने प्रेमी के साथ रहने की जिद्द की। पंचायत में नहीं निकला हल- पहले तो गांव में दोनों पक्षों के बीच पंचायत का दौर चला। युवक ने महिला को रखने से साफ इनकार कर दिया। जब गांव में पंचायत सफल नहीं हुई। उसके बाद महिला ने प्रेमी के खिलाफ थाने में शिकायत की। पुलिस प्रेमी को पकड़कर ले आई। थाने में भी लोगों ने प्रेमी को मनाने का प्रयास किया। लेकिन प्रेमी ने शादी करने से साफ मना कर दिया। %नहीं रखूंगा इसे, भेज दो मुझे जेल%- प्रेमी ने कहा कि मैं महिला को अपने साथ नहीं रखूंगा। मुझे जेल भेज दो। जब बात नहीं बनी तो पुलिस ने महिला के शिकायती पत्र पर प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दो बच्चों की मां गांव के ही युवक के साथ रहने को जिद्द पर अड़ी हुई थी। युवक ने मना कर दिया। युवक के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

ईद उल अजहा- ईदगाह-मस्जिदों में हजारों लोगों ने अल्लाह की बारगाह में किया सजदा, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

ईदगाह के अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। हर जगह सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस लगातार गश्त करती रही और ड्रोन से निगरानी की गई। ईद-उल-अजहा के पवित्र मौके पर शनिवार को मुरादाबाद की ईदगाह और मस्जिदों में हजारों लोगों ने अल्लाह की बारगाह में सजदा किया। सुबह से ही लोगों का हुजूम ईदगाह की ओर उमड़ पड़ा। कुर्बानी, त्याग और भक्ति के इस पर्व पर शहरवासियों ने नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे की दुआएं मांगीं।ईदगाह में सुबह छह बजे से ही लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी। लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ नए कपड़ों में ईदगाह की ओर पहुंचने लगे। साढ़े छह बजे तक ईदगाह का बड़ा हिस्सा भर चुका था और सात बजते-बजते पूरा मैदान नमाजियों से खचाखच भर गया। फिर भी लोगों का आना जारी रहा और पूरा माहौल इबादत से सराबोर हो गया।साढ़े सात बजे नायब इमाम मुफ्ती फहद अली नमाज अदा करवाई। उन्होंने अपने खुतबे में कुर्बानी के असली मायने बताए। नमाज के बाद इमाम ने मुल्क में अमन, भाईचारा, इंसानियत और तरक्की के लिए विशेष दुआ कराई। लगातार गश्त करती रही पुलिस-ईदगाह के अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। हर जगह सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस लगातार गश्त करती रही और ड्रोन से निगरानी की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और घरों की ओर रवाना हुए ताकि कुर्बानी का फर्ज अदा किया जा सके।

मुरादाबाद मंडल में जश्न का माहौल, मांगी अमन की दुआ, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मुरादाबाद में ईद-उल-अजहा पर शहर की ईदगाह और मस्जिदों में हजारों लोगों ने नमाज अदा की और देश में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। ईदगाह में सुबह छह बजे से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो सात बजे तक मैदान में पूरी तरह भर गई। नायब इमाम मुफ्ती फहद अली ने नमाज पढ़ाई और खुतबे में कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डाला। मुरादाबाद ईद-उल-अजहा के पवित्र मौके पर शनिवार को शहर की ईदगाह और मस्जिदों में हजारों लोगों ने अल्लाह की बारगाह में सजदा किया। सुबह से ही लोगों का हुजूम ईदगाह की ओर उमड़ पड़ा। कुर्बानी, त्याग और भक्ति के इस पर्व पर शहरवासियों ने नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की, भाईचारे की दुआएं मांगीं।ईदगाह में सुबह छह बजे से ही लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी। लोग अपने परिवार नए कपड़ों में ईदगाह की ओर पहुंचने लगे। साढ़े छह बजे तक ईदगाह का बड़ा हिस्सा भर चुका था और सात बजते-बजते पूरा मैदान नमाजियों से खचाखच भर गया।फिर भी लोगों का आना जारी रहा और पूरा माहौल इबादत से सराबोर हो गया।साढ़े सात बजे नायब इमाम मुफ्ती फहद अली नमाज अदा करवाई। उन्होंने अपने खुतबे में कुर्बानी के असली मायने बताए। नमाज के बाद इमाम ने मुल्क में अमन, भाईचारा, इंसानियत और तरक्की के लिए विशेष दुआ कराई।मस्जिदों में भी अदा हुई नमाज ईदगाह के अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। हर जगह सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और घरों की ओर रवाना हुए ताकि कुर्बानी का फर्ज अदा किया जा सके।रामपुर- मुल्क की तरक्की की मांगी दुआएं रामपुर जिले में बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने ईदगाहों, जामा मस्जिदों व अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की। इसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी भ्रमण करते रहे। रामपुर शहर स्थित ईदगाह में सुबह सात बजे से नमाज अदा की गई।यहां पर शहर काजी खुशनूद मियां ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद खुतबा पढ़ा गया। जिसमे शहर काजी खुशनूद मियां ने बकरीद के त्योहार और नमाज की फजीलत बयां की। इसके बाद देश और कौम की तरक्की के साथ मुल्क में अमन और शांति की दुआ की गई। वहीं जामा मस्जिद में सुबह साढ़े सात बजे से नमाज अदा की गई।यहां पर मौलवीने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद देश-प्रदेश में शांति-अमन कामय रखने और आपसी सौहार्द बने रहने की दुआ की गई। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। नमाज के बाद बाहर आकर लोगों ने गले लगकर एक दूसरे को बधाई दी।ईद-उल-अजहा शांतिपूर्ण, संभल में चाक-चौबंद सुरक्षा- एसपी केके विश्नोई संभल जिले में ईद-उल-अजहा शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसपी केके विश्नोई ने बताया कि जिले के सभी पांच सर्किलों में ईद की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। सुरक्षा के मद्देनजर पीएसी की पांच कंपनियों, आरआरएफ और अन्य बलों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही ड्रोन से निगरानी की गई ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।उन्होंने बताया कि कुर्बानी के बाद अवशेषों के निस्तारण के लिए विशेष टीमें लगाई गई हैं, जो समयबद्ध ढंग से सफाई सुनिश्चित कर रही हैं। लोगों से अपील की गई है कि कानून व्यवस्था को हाथ में न लें। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि किसी भी समस्या की सूचना तुरंत दी जा सके।शांति समिति की बैठकों के माध्यम से सभी को समय-सीमा के बारे में जानकारी दी गई थी और सभी लोग उस पर अमल कर रहे हैं। सोशल मीडिया की भी कड़ी निगरानी की जा रही है, ताकि कोई भड़काऊ सामग्री या अफवाह फैलाने की कोशिश न हो। एसपी ने कहा कि ईद-उल-अजहा जिले में पूरी शांति, भाईचारे और प्रशासन की सक्रिय निगरानी में मनाया गया है।

संक्षिप्त समाचार

पौधे में लगे कीट की निगरानी करें किसान

गन्ना रोग एवं कीटों पर नियंत्रण के लिए सुबह शाम करें खेतों का भ्रमण

मुरादाबाद- गन्ना आयुक्त एवं चीनी उ.प्र. प्रमोद कुमार उपाध्याय ने गन्ने में लगने वाले लाल सड़न (रेड रॉट) कन्डुआ (स्मट),उकठा (विल्ट) आदि रोगों व कीटों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिसके बारे में उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय पर किसानों को विस्तार से जानकारी दी है। शुक्रवार को कार्यालय पर वार्ता के दौरान उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने बताया कि गन्ने की फसल में समसामयिक लाल सड़न(रेड रॉट), कन्डुआ (स्मट), उकठा (विल्ट) आदि रोगों एवं जड़बेधक, गुलाबी चिकटा (मिलीबग) आदि कीटों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर द्वारा दिए सुझावों में कुछ क्षेत्रों में गन्ना किस्म को. 0238 की पत्तियों पर लाल सड़न रोग के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बताया कि लाल सड़न रोग के रोकथाम के लिए किसान प्रभावित गन्ने के पौध की जड़ से निकालकर नष्ट कर दें। अधिक वर्षा होने पर लाल सड़न रोग से संक्रमित खेत का पानी दूसरे खेतों में न जाने दें। कन्डुआ भी गन्ने का फफूंदजनित रोग है, इससे गन्ना लंबा व पतला हो जाता है। इसके उपचार के लिए बुवाई के समय ही गन्ने के टुकड़ों को प्रोपिकोनाजोल 25 ई.सी. या कार्बेन्डाजिम 50 डब्लू.पी.के 0.1 प्रतिशत घोल में बीज को 10 मिनट तक उपचारित करें। उकठा(विल्ट) बीज व मृदा द्वारा फैलने वाला फफूंद जनित रोग है। यह गर्मियों में दिन में उच्च तापमान व सूखे जैसी प्रतिकूल स्थिति में उकठा रोग व जड़ बेधक कीट का आपतन अधिक होता है, इस पर बोरान तथा मैगनीज 40 पीपीएम घोल के छिड़काव से नियंत्रण किया जा सकता है। जड़बेधक गन्ने के जड़ वाले भाग को नुकसान पहुंचाता है। सूड़ी का रंग सफेद, सिर का रंग गहरा भूरा होता है। इस कीट का प्रकोप अप्रैल से अक्टूबर तक होता है। यह कीट गन्ने की नवजात पौधों एवं गन्नों को नुकसान पहुंचाता है। गुलाबी चिकटा(मिलीबग) का मादा कीट गुलाबी रंग की तथा गोल या चपटे आकार की होती है।

रात अकेली थी प्रेमिका, फोन कर घर बुला लिया प्रेमी; सुबह होते-होते बन गया पति

युवती के परिजन किसी काम से बाहर गए थे। जिस पर युवती ने फोन करके रात में प्रेमी को मिलने के लिए घर बुला लिया। रात में दोनों एक कमरे में बातें कर रहे थे। परिवार के अन्य सदस्यों को शक हुआ तो घर पहुंचे और प्रेमी युगल को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया।उत्तराखंड निवासी युवक गुरुवार की रात ठाकुरद्वारा के एक गांव निवासी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। रात में परिजनों ने दोनों का कमरे में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया और युवक की पिटाई कर दी। सुबह दोनों पक्षों की पंचायत में प्रेमी युगल की शादी करा दी। घर पर नहीं था कोई, प्रेमिका ने फोन कर प्रेमी को बुलाया ठाकुरद्वारा के गांव गांवड़ी निवासी एक युवती का उत्तराखंड के उधमसिंह नगर अंतर्गत थाना जसपुर के गांव बढ़ियोवाला निवासी युवक से एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजन किसी काम से बाहर गए थे। जिस पर युवती ने फोन करके रात में प्रेमी को मिलने के लिए घर बुला लिया। रात में दोनों एक कमरे में बातें कर रहे थे। परिवार के अन्य सदस्यों को शक हुआ तो घर पहुंचे और प्रेमी युगल को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया और युवक को पीटने के बाद युवती के माता-पिता को सूचना दी। रात को पहुंचे माता-पिता, प्रेमी को खूब पीटा जानकारी मिलते ही युवती के माता-पिता रात में ही घर पहुंच गए और युवक को फिर पीटा गया। ग्राम प्रधान और अन्य लोगों ने युवती के पिता को प्रेमी युगल की शादी कराने की सलाह दी। शुक्रवार को युवक के परिजन गांव पहुंचे और दोनों पक्षों की पंचायत हुई। जिसमें दोनों पक्ष की सहमति पर प्रेमी युगल की शादी करा दी गई।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

जिलाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ ईद-उल-जुहा पर्व के दृष्टिगत जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु किया फ्लैग मार्च

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारीगण को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के साथ ईद-उल-जुहा पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु फ्लैग मार्च किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मार्च संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति दर्ज कराने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। जिलाधिकारी ने किला, बाकरगंज, मलूकपुर आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च के दौरान ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर ईद-उल-जुहा के पर्व को मनाने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

फर्जी प्रमाणपत्र केंद्र मामला- तीसरी बड़ी कार्रवाई, अब गैनी में युवक गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली। जिले में फर्जी आधार केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। अब अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गैनी में कई वर्षों से फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनाने वाले युवक को बुधवार को एसओजी, मिलिट्री इंटेलिजेंस और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ है। थाना प्रभारी राजितराम ने बताया कि संयुक्त टीम ने छापेमारी के दौरान गैनी निवासी देवेश पाठक को उसकी दुकान पर फर्जी दस्तावेज बनाते पकड़ा। उसके पास से चार लैपटॉप, दो प्रिंटर, एक आई स्कैनर, एक फिंगर स्कैनर, दो फोटो स्कैनर, शर्मा पीसीओ के नाम की चार मोहरें, एक मोबाइल फोन, एक टैबलेट और छह सिम बरामद किए गए। पुलिस ने एक पेन ड्राइव, दो डोंगल, दो लैपटॉप चार्जर, एक कीबोर्ड, 14 वोटर कार्ड, चार आधार कार्ड, एक बैंक पासबुक, 10 राशन कार्ड, एक जीपीएस, चार यूएसबी हब, 47 जन्म प्रमाणपत्र, आठ जाति प्रमाणपत्र और तीन मूल निवास प्रमाणपत्र भी जब्त किए। जिले में फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनाने का अवैध धंधा लगातार जारी है। पिछले 15 दिनों में सीबीगंज, भोजीपुरा के बाद अब अलीगंज में यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। बताया जाता है कि संबंधित चौकी और थाना स्तर पर जानकारी होने के बावजूद पहले कार्रवाई में देरी हुई।

छह लोगों पर हमले के बाद ग्रामीणों ने तेंदुआ मार डाला, भीड़ ने पुलिस हिरासत से तीन लोगों को भगाया

तेंदुए की हत्या का जिम्मेदार मानते हुए पुलिस और वन विभाग की टीम तीन लोगों को पकड़कर थाने ले आई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर थाने पहुंचे ग्रामीणों ने तीनों लोगों को छुड़ाकर भगा दिया।ग्रामीणों ने थाने में जमकर हंगामा किया।खेतों पर काम कर रहे कुतुबपुर हमीदपुर के लोगों पर मादा तेंदुए ने हमला कर दिया। इसमें तेंदुए ने एक के बाद एक छह लोगों को घायल कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। लाठी-डंडों से लैस ग्रामीणों ने तेंदुए को घेर लिया और उसे पीट-पीटकर मार डाला।मौके पर पहुंची वन विभाग और पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। तेंदुए की हत्या का जिम्मेदार मानते हुए पुलिस और वन विभाग की टीम तीन लोगों को पकड़कर थाने ले आई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर थाने पहुंचे ग्रामीणों ने तीनों लोगों को छुड़ाकर भगा दियाग्रामीणों ने थाने में जमकर हंगामा किया। मामले में वन विभाग की ओर से नामजद और अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। वहीं, डीएफओ कार्यालय पर तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें चोट लगने से तेंदुए की मौत की पुष्टि हुई है। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे गांव के रहने वाले किसान डालचंद सिंह अपने बेटे कौकिल के साथ खेत पर काम कर रहे थे। सभी पड़ोस के खेत से निकले तेंदुए ने पिता-पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे लोगों की भीड़ मौके की तरफ दौड़ पड़ी। जानकारी मिलते ही कुतुबपुर हमीदपुर और आसपास के गांवों के लोग भी लाठी डंडे से लैस होकर मौके पर पहुंच गए। भीड़ ने तेंदुए को घेर लिया और घंटों तक इधर-उधर दौड़ते रहे। इस दौरान तेंदुए ने हेतराम, कृपाल सिंह, अरविंद, धर्म सिंह और हेमराज पर हमला कर जख्मी कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा ओर भड़क गया। लाठी-डंडों से लैस ग्रामीणों ने तेंदुए को पीट-पीटकर मार डाला। सूचना मिलते ही नौगांवा सादात पुलिस और वन विभाग के डिप्टी रेंजर राजीव वर्मा, वन दरोगा केपी सिंह और वनरक्षक लोकेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। उनके पहुंचने से पहले ही तेंदुए की मौत हो चुकी थी।जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। जांच पड़ताल के बाद वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से तेंदुए की हत्या करने की शक में ग्राम प्रधान बृजेश के भाई राकेश और गांव के रहने वाले धर्मवीर व राजू को पकड़ लिया। तीनों को नौगांवा सादात थाने लाया गया। इससे नाराज सैकड़ों ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से नौगांवा सादात थाने पहुंच गए। गुस्साए ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर लिया और वन विभाग की गाड़ी में बैठे राकेश, धर्मवीर और राजू को छुड़ाकर वहां से भगा दिया। तेंदुए की मौत के मामले में ग्रामीणों ने कार्रवाई को गलत बताया और जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस और वन विभाग का अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा कर शांत किया और तीनों आरोपियों को वापस बुलाने के लिए कहा है।

उपमुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में स्टाफ को लगाई फटकार

भर्ती घायल का इलाज शुरू न होने से खफा हुए

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले जन औषधि केंद्र के उद्घाटन किया। फिर क्रमवार पैथोलॉजी लैब, इमरजेंसी वार्ड और ब्लड बैंक पहुंचे। इमरजेंसी में भर्ती मरीजों से बातचीत की और व्यवस्थाओं का हाल जाना। दुर्घटनाग्रस्त में घायल आंवला निवासी युवक को भर्ती किए जाने के बावजूद इलाज शुरू न होने पर नाराजगी जताई और तत्काल उपचार शुरू करने के निर्देश दिए। वहां मौजूद स्टाफ को फटकार लगाई। कहा कि लापरवाही अब नहीं चलेगी। मरीज का एक्सरे करने और दवा देने की हिदायत दी। बोले, मरीज का अगर खून साफ नहीं होगा तो इन्फेक्शन हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अस्पताल में सांप काटने के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डीएम और सीएमओ को एंटी स्नेक वेनम और लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में खाली पदों पर पांच लाख रुपये तक की सैलरी पर वाक इन इंटरव्यू से तैनाती होगी। उन्होंने डायलिसिस में बेड बढ़ाने, मरीजों को बेहतर भोजन उपलब्ध कराने, कार्डियोलॉजिस्ट की निजी अस्पताल से बातचीत कर प्रतिदिन के आधार पर वेतन तय कर तैनाती के लिए कहा।

वन संरक्षण में उत्तर प्रदेश देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य बना यूपी-वन मंत्री

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली। प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून की रिपोर्ट जारी हुई है। इसके अनुसार प्रदेश का वनावरण और पौधरोपण 23437.53 वर्ग किमी (9.73 प्रतिशत)से बढ़कर 23996.72 वर्ग किमी (9.96 प्रतिशत) हो गया है। वनावरण का दायरा बढ़ने से उत्तर प्रदेश वन संरक्षण के क्षेत्र में पूरे देश में दूसरे स्थान पर आ गया। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र विकसित करने के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में इको पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए 25 नवम्बर 2024 को लखनऊ से पलिया तक हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया है। गोरखपुर के कैम्पियरगंज में एशिया के प्रथम नवनिर्मित जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। यहां पर जटायु और राजगिद्ध के संरक्षण व संवर्धन केंद्र में 6 राजगिद्धों (नर एवं मादा) को लाया जा चुका है। ब्रीडिंग एवरी, होल्डिंग एवरी, हॉस्पिटल एवरी, नर्सरी एवरी, वेटनरी सेक्शन, प्रशासनिक भवन, रिकवरी एवरी, गार्डरूम, जेनरेटर रूम एवं पाथवे का निर्माण किया गया है। वहीं पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ-पर्यावरण बचाओ जन अभियान, 2024 के तहत 20 जुलाई, 2024 को वन एवं वन्य जीव विभाग सहित 26 राजकीय विभागों की सहभागिता से निर्धारित लक्ष्य 36.50 करोड़ पौधरोपण के सापेक्ष प्रदेश में 36.51 करोड़ पौध रोपित किए हैं। वन मंत्री ने बताया कि वेटलैंड संरक्षण के तहत 223 महत्वपूर्ण वेटलैंड्स के जलागम क्षेत्र में वेटलैंड संरक्षण वन, प्रदेश में घोषित 948 विरासत वृक्षों से रोपण सामग्री प्राप्त कर प्रदेश के 11 जनपद, जिसमें गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली, मथुरा, सीतापुर, चित्रकूट एवं मिर्जापुर में विरासत वृक्ष वाटिका स्थापित की गई है, जबकि रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुरखीरी आदि जनपदों में मित्र वन स्थापित किये हैं। पौधरोपण के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया है। इस प्रकार निजी वृक्षों के लिए कार्बन क्रेडिट का भुगतान करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य बन गया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

नहीं रहे रिठौरा पुलिस चौकी पर तैनात चौकीदार मुश्ताक अहमद

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली। रिठौरा। थाना हाफिजगंज के रिठौरा पुलिस चौकी पर रहे चौकीदार मुश्ताक अहमद (60)का शुक्रवार को उपचार के दौरान निधन हो गया।वह कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। मृतक चौकीदार अपने पीछे पत्नी मुन्नी एक बेटी को पीछे छोड़ गए। उनके निधन पर थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता, दीवान विवेक बाबू शुक्ला, कांस्टेबल सचिन कुमार, सतेंद्र,विकास पवार, अनुराग सचिन,चेयरमैन शकुंतला देवी, प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, धनपाल सिंह,इकराम अली खान , प्रदीप कुमार गुप्ता, आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

रिठौरा में शांति पूर्ण ढंग से हुई ईद -उल- अजहा की नमाज, मांगी मुल्क में अमन-चैन की दुआ

क्यूँ न लिखूँ सच -ब्यूरोचीफ

बरेली। रिठौरा। थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा में ईद -उल-अजहा का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।ईद की नमाज ईदगाह परिसर में सुबह 8ः15 बजे जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुकर्रम रजा ने पढ़ाई।इस दौरान मुल्क की सलामती की दुआ मांगी। मौके पर भारी संख्या में नमाजी हल्का लेखपाल दिनेश कुमार चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। कस्बे में मंगलवार को लगभग एक दर्जन कुर्बानी हुईं। हालांकि यह सिलसिला अगले तीन दिनों तक जारी रहेगा। इसके अलावा लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर,गुपलापुर मुल्लापुर, दियोरिया जागीर,भंडसर बंजरिया सावरखेड़ा, मुंडिया अहमदनगर आदि क्षेत्र में भी ईद शांति पूर्ण तरीके से एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी गई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

मैनपुरी में महंत की अंत्येष्टि पर खूनी संघष...आश्रम के बाहर मारपीट और पथराव, मंदिर पर ताला; पूजा-पाठ बंद

